>

Title: Need to augment railway services providing better rail connectivity from Jamshedpur to other adjoining cities-laid.

श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर): मैं सरकार का ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं कि झारखण्ड राज्य के जमशेदपुर (टाटानगर) सहित आस-पास के कई शहर अविभाजित बिहार का एक अभिन्न अंग रहे थे । यही कारण है कि इन क्षेत्रों में उत्तर बिहार एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोग यहां पर बड़ी संख्या में निवास करते हैं । इस बड़ी आबादी के लिए टाटानगर से बक्सर अथवा पं० दीनदयाल उपाध्याय जक्शन के मार्ग में कोई सीधी रेल सेवा उपलब्ध नहीं होने के कारण यात्रियों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है । इस संबंध में मैने पूर्व में भी अनेकों बार पत्राचार किया है तथा रेलवे के विभिन्न स्तरों पर भी मामले को रखा है । परंतु हर बार विभिन्न प्रकार की समस्याओं को रेलवे के अधिकारियों के द्वारा प्रस्तुत किया जाता हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाता है । यात्रियों की कठिनाइयों को देखते हुए निम्नांकित रेल सेवाओं का विस्तार बक्सर या पं० दीनदयाल उपाध्याय जं० तक किया जा सकता है ।

1) टाटानगर दानापुर ट्रेन संख्या 18183/18184

2) साउथ बिहार एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13287/13288

3) पटना बिलासपुर ट्रेन संख्या 22844,

अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि यथाशीघ्र जनहित में उपरोक्त रेल सेवाओं का विस्तार करने की कृपा करें अथवा टाटानगर से बक्सर/ पं० दीनदयाल उपाध्याय जं० तक एक नई सीधी रेल सेवा प्रारंभ करने की कृपा करेंगे ।